पंडित कुणाल व्यास ने कहा कि एआई बनाना का समय बदा सकता है, लेकिन सटीक ज्योतिषीय परिणाम स्वयं की गई गणना से ही प्राप्त होते हैं। सम्मेलन में 18 राज्यों के लगभग 450 ज्योतिषाचार्यों ने भाग लिया।

दिव्यांगजन नीति के संबंध में बैठक आयोजित कर आयुक्त ने लिए सुझाव

डीआर संवाददाता»सीहोर

विकलांगजन आयुक्त श्री अजय खेमरिया द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में राज्य दिव्यांगजन नीति के संबंध में चर्चा एवं सुझाव आमंत्रित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों, दिव्यांगजनों तथा उनकी पूर्व संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए गए।

बैठक में श्री अजय खेमरिया ने कहा कि प्रदेश स्तर पर ऐसी समग्र एवं व्यवहारिक दिव्यांगजन नीति तैयार की जानी चाहिए, जिससे दिव्यांगजनों के कल्याण, पुनर्वास और सशक्तिकरण से जुड़े सभी अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि नीति ऐसी हो, जिससे दिव्यांगजनों को जिला स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सरलता और समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में उनकी अनुभवों और विशेषज्ञताओं के सुझावों का विशेष महत्व है। इसलिए सभी संबंधित विभागों एवं सामाजिक संगठनों के सुझावों को गंभीरता से शामिल किया जाएगा, ताकि दिव्यांगजनों के लिए अधिक सम्मानजनक, सुविधाजनक एवं परिणाममुखी व्यवस्था विकसित की जा सके। बैठक में सहायक संचालक महेश यादव, अशासकीय पेशाविक लूथ सिकारी कपिल नगर, श्री अर्जुन सिंह, एनआईएलएआरएम के प्रतिनिधि सहित दिव्यांगजन, संगठनों के प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता»आष्टा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की आष्टा नगर इकाई ने सोमवार को शहीद मंगल सिंह कॉलेज की विभिन्न छात्रहित संबंधी समस्याओं को लेकर प्राचार्य के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा।

परिषद ने कॉलेज में विज्ञान व्यवस्था मजबूत करने और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

ज्ञापन में पूर्वी स्तर पर दाखिला, छात्र और विज्ञान संकाय में शिक्षकों के पद बढ़ाने की मांग की गई। परिषद का कहना है कि वर्तमान में स्वीकृत पद छात्र संख्या की तुलना में काफी कम हैं, जिससे नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा जनभागीदारी योजना के तहत संचालित पीजी पाठ्यक्रमों को शासन से नियमित स्वीकृति देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा शुरू करने की भी मांग की गई। इस दौरान नगर मंत्री दीपक जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रुद्रा सोनी सहित एबीवीपी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धार्मिक

कुबेरेश्वरधाम में 24 जुलाई से शिव महापुराण कथा, 29 को भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव

सच्ची श्रद्धा से अर्पित किया जाए तो भगवान शिव की कृपा अवश्य प्राप्त होती है, पंडित प्रदीप

डीआर संवाददाता»सीहोर

कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा ने भक्तों से बोल सत्य, कहा-सत्कार-संकल्प की धरा कुबेरेश्वरधाम श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली है

सीहोर। शिव पर आस्था पुष्टित हो सकता है। तब आप भ्रम या संकट में हो और आपको रास्ता न सूझ रहा हो, तो भगवान शिव में विश्वास रखने से आपको समाधान मिल सकता है, क्योंकि शिव भक्तों के रास्ते कभी बंद नहीं होते, महादेव की पूजा और भक्ति सच्ची आस्था के साथ करने से

मन को शांति मिलती है और जीवन में आने वाली कठिनाइयों से पार पाने का मार्ग प्रशस्त होता है। यह विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी अनन्य जयंत शिव महापुराण कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

आगामी 24 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक शिव महापुराण कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं के धाम पहुंचने की संभावना है। वहीं 30 जुलाई से सावन मास में कांवड़ यात्रा का महाकुंभ लगाया जाएगा।

उन्होंने पंडालि शिव महापुराण केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, संस्कार और भगवान शिव की भक्ति से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की श्रद्धा और विश्वास के साथ अर्पित किया गया एक लोटा जल भी भक्त के जीवन में सुख, शांति और कल्याण का कारण बनाता है। प्रतिदिन भगवान शिव का स्मरण करने का आग्रह करते हुए कहा कि महादेव का नाम जपने से मन को शांति, जीवन को सही दिशा और परिवार को सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। भगवान शिव भाव के भूखे हैं, उन्हें आडंबर नहीं, बल्कि सच्ची श्रद्धा प्रिय है।

कंकर-कंकर की धरा कुबेरेश्वरधाम भगवान शिव की कृपा से पावन है। यहां सच्चे मन से आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उन्हें आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है।

भोपाल में आयोजित होगी सेना भर्ती रैली

डीआर संवाददाता»सीहोर

सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 29 जुलाई से 05 अगस्त 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भोपाल में सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। भर्ती रैली में मध्यप्रदेश के 15 जिलों अशोकनगर, भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पांढुर्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी तथा अग्निवीर ट्रेडमैन श्रेणियों की भर्ती आयोजित की जाएगी। साथ ही मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए धर्म गुरु एवं एजुकेशन हवलदार की भर्ती रैली भी आयोजित की जाएगी।

सेना द्वारा 01 जून से 12 जून 2026 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की गई थी। सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का परिणाम 12 जुलाई 2026 को जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जारी कर दिया गया है। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल हो सकेंगे।

न्यूज गैलरी

16 से 20 जुलाई तक महामना एक्सप्रेस निरस्त

विदिशा। मध्य मालवा झांसी रेल मंडल के ललितपुर स्टेशन पर एक माह तक चलने वाले यार्ड रीमॉडलिंग कार्य का सीधा असर खतौली रेलवेस्टेशन पर पड़ रहा है। एक अगस्त तक होने वाले इस कार्य के दौरान खतौली से छूटी रही ट्रेनों को निरस्त, डायवर्ट और नियंत्रित किया गया है। सबसे बड़ा असर भोपाल-खतौली महामना एक्सप्रेस ट्रेन पर पड़ेगा, जो 16 से 20 जुलाई तक पूरी तरह निरस्त रहेगी। इसके बदले भोपाल-इंदौर जाने वाली बसों में रिजर्वेशन कराने की होड़ मच रही है। रेलवे के झांसी मंडल के पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ललितपुर स्टेशन पर तीसरी लाइन और यार्ड के आधुनिकीकरण के लिए प्री-एनआई, एनआई और पोस्ट-एनआई मरम्मतें में काम किया जा रहा है।

लापरवाही पर शोकॉज नोटिस के निर्देश

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित मामलों की स्थिति का अवलोकन किया तथा स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उचित मूल्य दुकानों को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र बनाने पर बल

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले में प्रत्येक सेल्समैन के पास सेवाल एक ही उचित मूल्य दुकान का संचालन हो, ताकि लंबित शिकायतों और पात्रताधारित सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि इन्हें प्रतिदिन नियमित रूप से खोला जाए और राशन वितरण के साथ विभिन्न शासकीय सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने दुकानों को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की तर्ज पर संचालित करने, ई-केवाईसी में तेजी लाने तथा खाद्यान्न वितरण को समयबद्ध, पारदर्शी और शिकायत-रहित बनाए रखने के निर्देश दिए।

21 जुलाई को लगेगा बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर

विदिशा। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 21 जुलाई को सुबह नौ बजे से अशनपुर रोड स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में 11:30 बजे से अशनपुर रोड स्थित बिजली कंपनी कार्यालय

पीएम हेल्पलाइन, लंबित आवेदनों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

लापरवाही पर सख्त कलेक्टर, जवाब नहीं देने वाले अधिकारियों को शोकॉज नोटिस

समयबद्ध निराकरण, स्कूल प्रवेश, जल संरक्षण और राजस्व प्रकरणों पर दिया विशेष जोर।

हर विभाग जवाबदेही के साथ लंबित प्रकरणों का त्वरित

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सख्त रुख अपनाया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान वह तथ्य सामने आया कि सीएम हेल्पलाइन के कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अमर कलेक्टर अनिल कुमार खरे को ऐसे सभी अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली व्यवस्था है और नागरिकों की शिकायतों का तथ्यात्मक, संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय पर होना चाहिए। साथ ही चेतावनी दी कि समय-सीमा का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में दीपल बैठक के लिए तैयार की जाने वाली पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) मुख्यमंत्री विदिशा। लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

मॉनिटरिंग, केंद्रीय मंत्री एवं प्रभारी मंत्री ने जल पत्रों के निराकरण की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने स्कूलों, छात्रावासों और आंगनवाड़ी में पात्र विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले सत्र-प्रवेश योजनाओं को शीघ्र अंतिम करने, पूर्ण योजनाओं का शपथ पत्र हैंडओवर, लंबित फूल दुकानों पर कार्यवाही, राशन कार्ड हितग्राहियों की पी-केवाईसी, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री कार्य तथा जल जीवन मिशन की प्रगति का भी जायजा लिया। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय मजबूत करने पर भी विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने स्कूल गया संकलन अभियान के अंतर्गत चयनित जल संरक्षण और जल स्रोतों के संवर्धन संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बारिश के मौसम को देखते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या रोकने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के निरीक्षण की रिपोर्ट की भी समीक्षा की। बैठक में कृषि वर्ष के अंतर्गत चलाए गए, नवाचार हेतु गया संचालन अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संवर्धन संबंधी कार्यों में तेजी के निर्देश दिए।

जलाने की रोकथाम की कार्योत्तरता तथा सतीक सीजन में गुड़ के स्थान पर उड़द की खेती को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की जानकारी ली गई। इसके अलावा अतिवृष्टि नालाबंदान, बंधारा, सीमांकन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बैंकवार लंबित ऋण प्रकरण, तहसीलवार आजीविका, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, जिला स्तरीय समितियों के गठन तथा पौधरोपण अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समय-सीमा में लंबित मामलों के निराकरण और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

भारी वाहनों और यात्री बसों के मुख्य हाईवे से गुजरने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा

मानौरा रथ यात्रा: विदिशा-सागर हाईवे पर भारी वाहनों की नो-एंट्री कल से, 48 घंटे लागू रहेगा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

ग्राम मानौरा में 18 जुलाई को भगवान जगदीश स्वामी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसमें लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय राजमार्ग (क्र-146) पर होता है, इसलिए आम जनता की सुरक्षा और हाईवे पर यातायात के सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने बड़े पैमाने पर रूट डायवर्जन की तैयारी की है। ट्रैफिक इंचार्ज अजीत राय ने बताया कि 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक विदिशा से सागर जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदली रहेगी।

वैकल्पिक यातायात मार्ग

भोपाल से सागर जाने वाले वाहन सुखी सेमरिया–रायसेन मार्ग से होकर सागर की ओर जाएंगे लेकिन से –से सलामतपुर होते हुए आने वाले वाहन सलामतपुर तिराहा राशोरन मार्ग से होकर सागर जाएंगे।

साथी से सागर जाने वाले समस्त भारी वाहन अशनपुर सिहोर–नदी–गैरतगंज मार्ग का उपयोग करेंगे।

सागर से विदिशा–भोपाल की ओर जाने वाले वाहन सलामतपुर–गैरतगंज मार्ग से ही होकर भोपाल जाएंगे।

बुढ़ी–बागरौद से विदिशा की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन लोहा–गंजबासौदा मार्ग से होकर विदिशा पहुंचेंगे।

डायवर्ट रूटों का कड़ाई पालन इस दौरान सभी भारी वाहनों और यात्री बसों का मुख्य हाईवे से गुजरना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके विकल्प के रूप में भारी वाहन और यात्री बसों को सुखी, कुरवाई और बीना होते हुए सागर की ओर जाएंगे। सागर से आने वाले वाहनों को भी अन्य वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने आम जनता, वाहन चालकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अनुचित से बचने के लिए निर्धारित डायवर्जन रूट का कड़ाई से पालन करें।

खेत में स्टार्टर ठीक करते समय किसान की करंट लगने से मौत

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

रायसेन जिले के ग्राम सालेट निवासी 55 वर्षीय किसान इमरत सिंह लोधी की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वे खेत में धान की नींदाई और अन्य कृषि कार्यों के दौरान बिजली का स्टार्टर ठीक कर रहे थे। इसी बीच अचानक बिजली की सप्लाई शुरू हो गई, जिससे वे करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजन उन्हें तत्काल विदिशा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पोस्टमार्टम से पहले जिला अस्पताल में मृतक की एक्स रे लेकर विवाद भी सामने आया। अस्पताल के चिकित्सकों ने उनकी उम्र 60 वर्ष बताई गई थी, जबकि परिजनों ने आधार कार्ड दिखाकर बताया कि उनकी वास्तविक उम्र 53 वर्ष है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के आधार पर उम्र दर्ज हुई थी, जिसे बाद में दस्तावेजों के अनुसार सुधार दिया गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम में हुई देरी पर भी नाराजगी जताई। अस्पताल कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

जहर, करंट, सर्पदंश और सड़क हादसे में 4 की मौत :अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा



जिले में अलग-अलग घटनाओं में जहर सेवन, सर्पदंश, करंट लगने और सड़क दुर्घटना के मामलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य का उपचार जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में जारी है।

रामबाग निवासी 40 वर्षीय प्रकाश राजपूत ने घरेलू विवाद से परेशान होकर सोमवार सुबह सुहागपुर और फतेहपुर में उपयोग होने वाली कीट मिलाकर पी ली। गंभीर हालत में परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया कि उपचार के दौरान वह दो-तीन बार अस्पताल से भागने की कोशिश कर चुका है, जिसके बाद परिजन उसे वापस अस्पताल लेकर आए।

वहीं ग्राम देहलाखेड़ी निवासी 65 वर्षीय कृष्णा बाई मीणा को सुबह घर में झाड़ू लगाते समय सांप ने डस लिया। परिजन तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। रायसेन जिले के खजेरा निवासी 53 वर्षीय इमराव लोधी धान के खेत में मोटर चालू करते समय करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने गुप्त चोटिल घोषित कर दिया।

कुरवाई तहसील के कटिया भीवसा निवासी 56 वर्षीय देवराज सिंह राजपूत ने 11 जुलाई की रात इतनीमात्रा दवा पी ली थी। सोमवार सुबह मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उन्होंने दवा समझकर गलती से जहरीली दवा पी ली थी।

इसके अलावा कुरवाई थाना क्षेत्र के बालाखेड़ा निवासी 38 वर्षीय चुन्नीलाल सेन की लाशघर किनारे पर मेडिकल कॉलेज से जाने वाले रास्ते में मौत हो गई। वहीं रविवार को अचलगंज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर घायल हुई सिरोंज निवासी 30 वर्षीय हुना अली ने सोमवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

यातायात व्यवस्था सुधारने प्रशासन का अभियान, 6 वाहनों पर चालानी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार आज जिला कलेक्टर श्री अजय गुप्ता के नेतृत्व में यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान से विदिशा नगर में स्वामी विवेकानंद चौराहा से आकाशीय अनुमोद दिशालय तक मुख्य राजपथ मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों, यातायात बाधाओं एवं अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया गया। अग्रा चालकों और वाहन चालकों की सुविधा तथा यातायात सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सड़क पर अनेक स्थ से खड़े वाहनों को जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 6 वाहनों पर यातायात कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने कहा है कि सड़क में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण और अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन कर प्रशासन के प्रयासों में सहयोगदान करें।

जल जीवन मिशन से दो गांवों के 256 परिवारों को घर-घर मिला नल जल, 1.17 करोड़ की योजना पूरी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा। जिले के गंजबासौदा क्षेत्र के ग्राम लटना और महलपुर में जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम समग्र योजना का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग द्वारा वित्तीय 1.17 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई इस योजना के माध्यम से दोनों गांवों के कुल 256 परिवारों को पर्याप्त नल कनेक्शन उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसमें ग्रामीणों को 55 लीटर प्रति व्यक्ति की दर से पेयजल मिलने लगी है।

जलापूर्ति योजना कियान्वयन ने बताया कि ग्राम लटना में 40 लाख रुपये की लागत से 82 परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि ग्राम महलपुर में 77 लाख रुपये की लागत से 174 परिवारों को योजना से जोड़ा गया है। जल संग्रहण और निर्माण कार्यपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लटना में 30 किलोलीटर तथा महलपुर में 50 किलोलीटर क्षमता के ग्राउंड वाटर टैंक का निर्माण भी किया गया है। योजना पूरी होने के बाद इसके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि अब ग्रामीणों को पेयजल के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा और घर-घर स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

रेडीमेड वस्त्र विक्रेता संघ का चुनाव 19 को

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

व्यापार महासंघ के अधीन संचालित व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी की घोषणा में जब रेडीमेड वस्त्र विक्रेता संघ का त्रिवार्षिक चुनाव 19 जुलाई को अग्रवाल धर्मशाला, टूटा, विदिशा में आयोजित किया जाएगा। चुनाव को लेकर संघ ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

नगरकार को चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इच्छुक प्रत्याशी निर्धारित शुल्क के साथ नामांकन फार्म प्राप्त कर उसी दिन जमा भी कर सकेंगे। इस चुनाव में संघ के कुल 189 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के माध्यम से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोष सचिव और कोषाध्यक्ष सहित कुल पांच पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

इसके अलावा व्यापार महासंघ के प्रतिनिधियों के लिए भी चुनाव होगा। नियम के अनुसार व्यापार महासंघ प्रतिनिधि के चार सदस्यों पदों में से इस बार तीन पदों पर मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत प्रत्येक मतदाता को इन तीनों पदों के लिए अलग-अलग मत देना होगा। यदि कोई मतदाता तीनों प्रतिनिधि पदों पर मतदान नहीं करता है, तो महासंघ प्रतिनिधि के संबंधित उपरांत पूरा मतदान निरस्त माना जाएगा।

प्रतियोगिता

विद्यार्थियों ने तकनीकी दक्षता और रचनात्मक प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

इंफोस्पार्क-2026रू ओलम्पस स्कूल का शानदार प्रदर्शन, कई प्रतियोगिताओं में जीते प्रथम स्थान

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

भोपाल के आईईएल पब्लिक स्कूल में 11 जुलाई को आयोजित प्रतिष्ठित अंतर्देशवासयी टेक फेस्ट इंफोस्पार्क-2026 में ओलम्पस हाई स्कूल एवं डिलिटल ओलम्पियन्स प्री-स्कूल के –विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और विदिशा जिले का गौरव बढ़ाया।

डिजिटल तकनीक, नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस

भोपाल में आयोजित अंतर्देशवासीय टेक फेस्ट में

टेक फेस्ट में प्रदेशभर के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपनी तकनीकी समझ, डिजाइन थिंकिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर कौशल और रचनात्मक समस्या समाधान क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। वीडी हेड प्रतियोगिता में डिजिटल ओलम्पियन्स प्री-स्कूल की डिनीशा द्विवेदी एवं निष्ठा रोकल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं ओलम्पस हाई स्कूल की निया जैन ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैनवा डिजाइन एवं प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई स्कूल की लावेश शर्मा एवं तनन्या लोधी ने डिजिटल डिजाइन और आकर्षक प्रस्तुतीकरण के दम पर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान अर्जित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन बलवान सिंह, डायरेक्टर मोहित रघुवंशी, अकादमिक डायरेक्टर प्रायी रघुवंशी एवं प्रधानाचार्य विजेता सिंह ने विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी। डायरेक्टर मोहित रघुवंशी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप तकनीक, नवाचार और डिजिटल कौशल आज की आवश्यकता है तथा ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

घर में 364 बोरी खाद मिलने पर कार्रवाई, 347 बोरी यूरिया और 17 बोरी डीएपी जब्त

डीआर संवाददाता ✍ रायसेन

विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक ग्रामीण के घर से बड़ी मात्रा में खाद बरामद की गई। कृषि विभाग अधिकारी अनुज चावड़ा की शिकायत पर जनक यादव के खिलाफ अवैध रूप से खाद का भंडारण और बिक्री करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकार मिले रही शिकायतों के बाद अधिकारियों ने पहले रेकी की और फिर रविवार रात करीब 10 बजे राजस्व व पुलिस टीम के साथ जनक यादव के घर पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान कुल 364 बोरी खाद जब्त की गई, जिसमें 347 बोरी यूरिया और 17 बोरी डीएपी (18:46) शामिल है। जांच के दौरान आरोपी खाद के स्टॉक और खरीद-बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3(2) तथा उर्वरक (गुण नियंत्रण) आदेश, 1985 की धारा 7(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। जब्त खाद के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं।

हालांकि, जनक यादव ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि पूरा खाद उनके परिवार का है और उसी ई-टोकन के माध्यम से वैध तरीके से खरीदा गया था। उनका दावा है कि वे अन्य किसानों के लिए भी ई-टोकन बुक करने का काम करते हैं और सभी खाद की खरीद नियमानुसार की गई है। मामले की जांच जारी है।

न्यूज गैलरी

अग्निवीर भर्ती रैली 28 से भोपाल में, प्रवेश पत्र जारी

राजगढ़। सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा 28 जुलाई से 8 अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भोपाल में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इसमें राजगढ़ सहित गढ़ के 15 जिलों के अभ्यर्थी अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी और ट्रेड्समैन श्रेणियों में शामिल होंगे। धर्मगुरु व एनुलेखन हवलदार पदों के लिए मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के उम्मीदवार भी भाग ले सकेंगे। ऑनलाइन सीईई परीक्षा का परिणाम 12 जुलाई को जारी किया जा चुका है।

राजगढ़ जिले के नौ नायब तहसीलदारबने तहसीलदार

राजगढ़। मध्य शासन ने प्रदेशभर में नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदारों की पदोन्नत कर तहसीलदार बनाए जाने के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत राजगढ़ जिले में पदस्थ 9 अधिकारियों को तहसीलदार पद पर पदोन्नति मिली है। पदोन्नत अधिकारियों में अनिल शर्मा, सोनू गुप्ता, सीजना सिंह, नीलम परसेनिया, अनामरिका कनौजिया, सुनीता सुनारी, मध्यप्रदेश, मोहित तथा कर्नाटक स्टेट ऑपन युनिवर्सिटी मैसूर से कराया गया।

प्रगत सत्यापन प्रतिवेदनों के आधार पर गठित जांच समिति द्वारा उपलब्ध सेवा अभिलेखों, नियुक्ति अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण कर 03 जुलाई को अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत प्रारूपिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए सभी संबंधित कर्मचारियों को अभिमत सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों एवं तथ्यों का परीक्षण किया गया। उपलब्ध तथ्यों से संबंधित परीक्षा अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए सत्यापन प्रतिवेदनों का खंडन नहीं हो सका। उपलब्ध समस्त अभिलेखों, संबंधित परीक्षा प्राधिकारियों से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदनों, जांच समिति के अंतिम प्रतिवेदन तथा व्यक्तिगत सुनवाई के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं हमेशा प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

यह 9 शिक्षकों पर हुई कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाही में संबंधित शासन प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय आगरी, पवन शर्मा प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय खाजू, सुनील कुमार प्रजापति प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय सीलखेड़ा का पुत्र, हेमंत शर्मा प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय भगवतीपुरा, सविता दांगी प्राथमिक शिक्षिका, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पाटलीमहादेव, कमलेश लववंशी प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय नांदियाखेड़ी, मानसिंह यादव प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय अजार, इरफानखान लववंशी प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय पाटलीमहादेव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्यावरा लोगांव है तथा हेमन्तसिंह चौहान प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय छापीहिड़ा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ़ शामिल है।

पुलिस अधीक्षक को शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज करवाने भेजा पत्र

शिक्षा विभाग ने उक्त सभी शिक्षकों के खिलाफ जांच समिति की अनुशंसा एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक एवं आपराधिक कार्यवाही किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजों की सत्यता सर्वोपरि है।

कूटरचित अथवा जाली शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर शासकीय सेवा प्राप्त करने के मामलों में सख्त की नीति के अनुरूप कठोर एवं दिशानिष्ठ कार्यवाही की जाएगी। विभाग शासकीय सेवा में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नियमानुसार नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कूटरचित असत्य शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त की...

दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच 9 प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

शिक्षा विभाग में कूटरचित असत्य शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने वाले जिले के 9 प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विरेश कुमार सिंघ के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कार्यालय को प्राप्त शिकायतों के आधार पर प्राथमिक शिक्षकों द्वारा नियुक्ति शैक्षिणिक के समय प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच कराई गई।

जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, बोर्ड तथा कर्नाटक स्टेट ओपन युनिवर्सिटी मैसूर से कराया गया।

प्रगत सत्यापन प्रतिवेदनों के आधार पर गठित जांच समिति द्वारा उपलब्ध सेवा अभिलेखों, नियुक्ति अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण कर 03 जुलाई को अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए सभी संबंधित कर्मचारियों को अभिमत सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों एवं तथ्यों का परीक्षण किया गया। उपलब्ध तथ्यों से संबंधित परीक्षा प्राधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए सत्यापन प्रतिवेदनों का खंडन नहीं हो सका। उपलब्ध समस्त अभिलेखों, संबंधित परीक्षा प्राधिकारियों से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदनों, जांच समिति के अंतिम प्रतिवेदन तथा व्यक्तिगत सुनवाई के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं हमेशा प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

यह 9 शिक्षकों पर हुई कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाही में संबंधित शासन प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय

डैम में डूबे भगवान के मंदिर, अब तक नहीं मिला मुआवजा, पूर्व विधायक ने सौंपा ज्ञापन

दावा, विस्थापितों को मुआवजा मिला, लेकिन पुजारियों की अब तक नहीं हुई

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

मोहनपुरा डैम निर्माण में डूब क्षेत्र में आए मंदिरों और उनसे जुड़े पुजारियों को अब तक मुआवजा नहीं मिलने का मामला फिर सामने आया है। सोमवार को पूर्व विधायक हेमचन्द्र कलमोडी छापीहिड़ा और पुजारियों के साथ मोहनपुरा डैम परियोजना कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित मंदिरों का शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की। पूर्व विधायक ने बताया कि मोहनपुरा डैम के निर्माण में 30 से अधिक गांव प्रभावित हुए थे। वर्ष 2016 से प्रभावित परिवारों, निजी भूमि, शासकीय भवनों, स्कूलों और पंचायत भवनों का कार्यों पूरा है। इसके विपरीत डूब क्षेत्र में आए मंदिरों के पुनर्निर्माण और उनकी जमीन का मुआवजा अब तक लंबित है। उन्होंने कहा कि परियोजना अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार डूब क्षेत्र में करीब 25 गांवों के मंदिर प्रभावित हुए थे। इनमें अब तक केवल सरिया गांव के एक समिति को ही मंदिरों और उनकी जमीन से जुड़े पुजारियों को कोई राहत नहीं मिली।

इससे प्रभावित पुजारियों के सामने आजीविका का संकट बना हुआ है। पूर्व विधायक ने मांग की कि सभी प्रभावित मंदिरों और उनसे जुड़े पुजारियों का सर्वे कर जल्द मुआवजा स्वीकृत किया जाए, किसे मिले क

तेज रफ्तार कार का टायर फटने से कार कुएंनुमा गड्ढे में गिरी, दो लोग सुरक्षित बचाए

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

अशोकनगर जिले के पिपरई नगर के पास बरखेड़ा गांव में सोमवार को टायर फटने से एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने कुएंनुमा गड्ढे में जा गिरी। हादसे के समय कार में जसवंत सिंह यादव उर्फ मन्नू नेताजी और सालका जसवंत बामनिया सवार थे। गनीमत रही कि दोनों की जान बच गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के किसान और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने रस्सियों की मदद से कार के घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटनास्थल से दोनों के सिर, हाथ और पैरों में मामूली चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया।

साधु के वेश में मंदिर पहुंचा युवक, पीतल की चार झालर चुराकर फरार

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर स्थित रतनगढ़ बाजार के प्रसिद्ध सिद्धपीठी मंदिर से बीते का मामला सामने आया है। मंदिर का सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सामने आया, जिसमें भगवा वस्त्र पहने एक युवक साधु के वेश में मंदिर में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। पहले वह श्रद्धालु की तरह मंदिर का गेट खटकाता है और फिर बेखौफ देवस्थान मंदिर में रखी पीतल की चार झालर लेकर कपड़े में छिपाकर बाहर निकल जाता है। उपलब्धी के अनुसार यह मोर्ड शनिवार को हुई थी और पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में युवक की हर गतिविधि स्पष्ट दिखाई दे रही है, जिससे उसकी पहचान की सम्भावना बढ़ गई है। हालांकि, घटना सामने आने के बावजूद मंदिर समिति ने अभी तक खिलचीपुर थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। शिकायत नहीं मिलने के कारण पुलिस ने फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं किया है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद स्थानीय लोगों ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

कन्या शाला के नए भवन का भूमिपूजन

खिलचीपुर। कन्या शाला खिलचीपुर में सोमवार को 3 करोड़ 9 लाख की लागत से बनने वाले नवीन विद्यालय भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और अनुकूल वातावरण मिलेगा।

गुना में 108 एम्बुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल की चेतावनी, अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए

डीआर संवाददाता ✍ गुना

गुना जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों ने जिला प्रबंधक (डीएम) पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार शाम 12 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो जिले की सभी 108 एम्बुलेंस का संचालन बंद कर दिया जाएगा, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

कर्मचारियों ने मिली शिकायतों में विरोधित शिकायतें दर्ज कराई हैं और कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि सीएम और डीएम कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, गाली-गलौज करती हैं और ड्यूटी लगाने के नाम पर पैसों की मांग करते हैं। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि कई बार अधिकारियों द्वारा शराब के नशे में दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि रात में किसी इमरजेंसी को कॉल नहीं मिलती, तो कर्मचारियों की अनुपस्थिति तक दर्ज नहीं की जाती।

शिकायत में यह भी उठाया गया है कि जिले की कई एम्बुलेंस लंबे समय से खराब स्थिति में हैं। खून चढ़ाने से पीड़ित अन्य मरीजों के लिए अलग-अलग कर्मचारियों पर उन्हें उपलब्ध कराने का दबाव बनाया जाता है। सुरक्षा कारणों से वाहन चलाने के समय काम पर ड्यूटी से हटाने और भोजन में जबरन रात्रि ड्यूटी की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

कर्मचारियों के अनुसार जिले के करीब 60 कर्मचारी इस स्थिति से परेशान हैं। उन्होंने साफ किया कि उनका काम्रो से कोई विवाद नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य अधिकारियों के व्यवहार को लेकर नाराजगी है। हालांकि, इस मामले में किसी अधिकारी या जिला प्रशासन का पक्ष सामने नहीं आ सका है।

20 लाख की लागत से सड़क निर्माण शुरू, जूना ब्यावरा को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंहगढ़

राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर के वार्ड क्रमांक 14 और 15 में महामाया मंदिर मार्ग से जूना ब्यावरा को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। करीब 20 लाख रुपये की लागत से बन रही 200 मीटर लंबी और 6 मीटर चौड़ी सड़क से क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गयन कुशवाह ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को तकनीकी मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा में निर्माण पूरा करने पर भी जोर दिया।

गयन कुशवाह ने कहा कि सड़क, नाली और पेयजल पाईप लाइन सुविधाओं का विस्तार नगरपालिका की प्राथमिकता है। सड़क निर्माण शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी है और उन्होंने उम्मीद जताई है कि कार्य तय समय में पेशेवर गुणवत्ता के साथ पूरा होगा।

सुल्तानिया पंचायत चुनाव सरपंच पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ

राजकुमार वर्मा बने सुल्तानिया पंचायत के सरपंच, 5 वोटों से जीते

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

राजगढ़ जिले के सारंगपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सुल्तानिया में सरपंच पद रिक्त होने के बाद जिला पंचायत राजगढ़ एवं जनपद पंचायत सारंगपुर के निर्देशानुसार सोमवार को सरपंच पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूर्व सरपंच जितेंद्र हर्षिया को पद से पृथक किए जाने के बाद रिक्त हुए सरपंच पद के लिए विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के निर्वाचित पंचों ने मतदान कर नए सरपंच का चयन किया। निर्वाचन प्रक्रिया जनपद पंचायत सीईओ डेनेश गोहिल के निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारी बलवीर सिंह जाटव की देखरेख में सम्पन्न हुई। इस दौरान पंचायत सचिव राजसाहिब स्टेना, घटनाओं तहसील निकाय एवं सहायक सचिव बलवंत बैरागी ने निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया संचालन कराई। सरपंच पद के लिए राजकुमार वर्मा पिता केवलसिंह एवं अंगूरीबाई जाति बिनेश नागरी ने नामांकन प्रस्तुत किया। पंचायत के कुल 20 पंचों में से 19 पंचों ने मतदान किया, जबकि एक पंच मतदान में शामिल नहीं हुआ। मतगणना में राजकुमार वर्मा को 12 तथा अंगूरीबाई को 7 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार राजकुमार वर्मा 5 मतों के अंतर से निर्वाचित घोषित किए गए। उन्हें शीघ्र ही जनपद पंचायत द्वारा निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन के दौरान अमन-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान थाना प्रभारी रघुनंदन बागनिया, एएसआई चौथी प्रभारी सहित पुलिस बल एवं होमगार्ड की टीकड़ी रही। पूरे निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। राजकुमार वर्मा के सरपंच निर्वाचित होने पर पूर्व सरपंच केवलसिंह नागर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि विरेन्द्र नागर, भाजपा नेता अमृत नागर, कमल नागर, उपसरपंच देवनारायण नागर, जगदीश बाजड़, विनिता शर्मा, लक्ष्मीचंद नागर, लाल पटेल, श्रीलाल नागर, बलवंत राठौर, दिनेश खटक, महेश नागर सहित ग्रामीणों ने बधाई देते हुए पंचायत के विकास एवं जनकल्याण के कार्यों के सफल संचालन की शुभकामनाएं दी।

सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराई बाइक, सब्जी विक्रेता की मौत

डीआर संवाददाता ✍ पचौर

नगर के ग्राम सागर महाविद्यालय के आगे तलेन रोड पर रविवार रात सड़क किनारे खड़े डंपर से बाइक टकराने से 40 वर्षीय सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब भरेड़ निवासी मूलचन्द पिता गोपीचंद सिंह माली स्वरूपिका हाट बाजार में सब्जी बेचकर अपने गांव लौट रहे थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर जब्त कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार को पचौर में साप्ताहिक हाट बाजार लगा था। सुरज माली दिनभर सब्जी बेचने के बाद देर शाम बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक पर सब्जियों के साथ खाद की एक बोरी भी रखी थी।

सागर इसी दौरान ग्राम महाविद्यालय से आगे सड़क किनारे खड़े डंपर से उनकी बाइक टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि डंपर ड्राइवर तो ही सड़क किनारे खड़ा था, लेकिन उस पर न तो रिफ्लेक्टिव लाइट चालू थी और न ही पीछे कोई रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत लगाए गए थे।

रात ने सामने ही आ रहे वाहनों की तेज रोशनी के कारण बाइक सवार को डंपर साफ नहीं दिखाई नहीं दिया और हादसा हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क किनारे लापरवाही से खड़े भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

लोगों का कहना है कि ऐसी वाहन अक्सर हादसों का कारण बनते हैं। थाना प्रभारी सकुंतला बागनिया ने बताया कि डंपर जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

श्रीराम कॉलोनी में युवक फांसी पर झूला

ब्यावरा। देहात थानान्तर्गत श्रीराम कॉलोनी में 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पिता और भाई घर लौटे तो छत पंखे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। भगवानदास पिता सम्पतलाल कुशवाह उम्र 23 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी अपने पिता और बहन के साथ रहता था।